

अच्छा प्रयोग, पर नतीजे नहीं खास

रविवार को उसे चेन्नै सुपर किंग्स ने 8 विकेट से हराया। बैंगलोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 145 का स्कोर बनाया। चेन्नै ने रुतुराज गायकवाड़ की हाफ सेंचुरी की मदद से 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।

## हर साल हरी जर्सी में खेलती है कोहली की टीम, मंशा अच्छी पर नतीजे नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम अपनी परंपरागत लाल जर्सी के बजाय ग्रीन जर्सी में मैदान पर उतरी। हर साल बैंगलोर की टीम अपने श्गो ग्रीनश् अभियान के चलते एक मुकाबला हरी जर्सी में खेलती है। साल 2011 से हर साल टीम कार्बन न्यूट्रेलिटी के प्रति अपना समर्पण दिखाती है और साथ पौधे लगाने के लिए डोनेट भी करती है। हरी जर्सी का कदम और उसके पीछे की मंशा बहुत अच्छी है लेकिन नतीजों की बात की जाए तो यह बैंगलोर के पक्ष में नहीं रहा है। बैंगलोर ने 2011 से अब तक कुल 10 मैच हरी जर्सी में खेले हैं जिसमें से उसे सिर्फ दो में जीत मिली है। एक बार उसने कोच्चि टस्कर्स को हराया था और दूसरी बार गुजरात लायंस को। संयोग की बात है कि ये दोनों टीमें अब आईपीएल का हिस्सा नहीं हैं। साल 2016 में कोहली और डि विलियर्स दोनों के शतक की मदद से उसने गुजरात लायंस को 144 रन के बड़े अंतर से हराया था। वहीं 2011 में उसने कोच्चि टस्कर्स को हराया था।

# साक्षी ने लिखा- खेल ही तो है... आप कुछ जीतते हैं, कुछ हारते हैं

क्रिकेट

## प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई एमएस धोनी की चेन्नै सुपर किंग्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स की मुंबई इंडियंस पर जीत ने चौन्नै सुपर किंग्स फैंस का दिल तोड़ दिया। महेंद्र सिंह धोनी की टीम इस साल इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ का हिस्सा नहीं होगी। टूर्नमेंट के लीग स्टेज में बेहद बुरे दौर से गुजरी सीएसके ट्रैक पर लौट आई थी लेकिन तब तक गणित उसके खिलाफ हो चुका था।

रविवार को धोनी की टीम ने विराट कोहली की रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर को आसानी से हरा दिया। लेकिन शाम के मैच में राजस्थान जीत गई। सीएसके फैंस दुखी थे, प्लेयर्स के चेहरे भी उतरे हुए थे। ऐसे में एमएस की पत्नी साक्षी धोनी ने अपने शब्दों से थोड़ा मरहम लगाने की कोशिश की।

उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि ये बस एक खेल है... आप लोग विजेता हैं... आप हमेशा हमारे जेहन में सुपर किंग्स ही रहेंगे।







कुछ जीत...कुछ हार... खेल में चलता है, साक्षी ने एक कविता की शक्ल में रविवार रात अपना मेसेज पोस्ट किया। उन्होंने लिखा है,
यह बस खेल ही तो है...
आप कुछ जीतते हैं, आप कुछ हारते हैं!! इतने सालों में हमने आपकी कई शानदार जीतें देखी हैं, कुछ दर्दभरी हार भी मिलीं।
एक का हमने जश्न मनाया और दूसरे पर दिल टूट गया!! कुछ के जवाब मिले, कुछ के नहीं...
कुछ जीते, कुछ हारे और बाकी चूक गए... यह बस खेल ही तो है!!
उपदेश देने वाले कई हैं और प्रतिक्रियाएं भी अलग अलग!
भावनाओं को खेल भावना के आड़े मत आने देना... यह बस खेल ही तो है!! कोई हारना नहीं चाहता, लेकिन हर कोई जीत भी तो नहीं सकता!
जब हार हुई हो, हैरानी हो तो मैदान से लौटना भारी होता है...
जोशीले नारे और आहें दर्द बढ़ाती हैं, तब भीतर की मजबूती काम आती है... यह बस खेल ही तो है!!
आप तब भी विजेता थे, आप आज भी विजेता हैं!
असली योद्धा लड़ने को जन्मते हैं और वो हमेशा सुपर किंग्स रहेंगे हमारे दिलों में और हमारे जेहन में!!

**धोनी बोले, यह मैच परफेक्ट था!**

RCB के खिलाफ मैच खत्म होने तक चेन्नै प्लेऑफ से बाहर नहीं हुई थी। तब मैच प्रजेंटेशन में धोनी ने कहा था, मुझे लगता है कि यह हमारे परफेक्ट मैचों में से एक। हर कुछ प्लान के मुताबिक गया। हमने अपने प्लान को अच्छे से लागू किया। हम लगातार विकेट लेते रहे और उन्हें ऐसे टोटल पर रोक दिया जो पार स्कोर से कम था। उन्होंने कहा, विकेट थोड़ी धीमी थी। हमारे स्पिनरों ने अच्छा काम किया। हम बल्लेबाजी में ज्यादा निरंतर नहीं रहे। आज हमें शुरुआत भी अच्छी मिली। ऋतुराज ने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने वह शॉट्स खेले जो वह खेल सकते हैं।

# जोफ्रा आर्चर का शानदार कैच, सचिन ने कहा-घर का बल्ब बदल रहे थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में एक हाथ से शानदार कैच पकड़ा। रविवार को हुए इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई को 8 विकेट से हराया। सचिन तेंडुलकर भी खुद को इस कैच की तारीफ करने से रोक नहीं पाए।





तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी की ऑफ स्टंप के बाहर एक शॉर्ट बॉल को बाएं हाथ के बल्लेबाज इशान किशन ने थर्ड मैन बाउंड्री के ऊपर से मारने की कोशिश की। आर्चर वहां खड़े थे, वह शुरुआत में कुछ कदम आगे आए लेकिन उन्हें अहसास हुआ कि गेंद उनके सिर के ऊपर से जा रही है। उन्होंने ऊंची छलांग लगाई और एक लाजवाब कैच लपका।

आर्चर का यह कैच देखकर सिर्फ दर्शक ही नहीं बल्कि उनकी टीम के साथी खिलाड़ी भी उनके प्रदर्शन को देखकर हैरान रह गए। गेंदबाज कार्तिक त्यागी खुद, रियान पराग और कोच एंड्रू मैकडॉनल्ड भी इस कैच को देखकर हैरान रह गए। महान क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर ने भी ट्विटर पर इस कैच की तारीफ की। सचिन ने लिखा, वह कैच देखकर ऐसा लगा कि आर्चर अपने घर का बल्ब बदल रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर लोगों ने यह भी कहा कि ऐसा क्या काम है जो आर्चर नहीं कर सकते। कुछ ने इसे सीजन का बेस्ट कैच तक कहा।

## चेन्नई हुई खतरनाक, बिगाड़ सकती है दो बड़ी टीमों के प्लेऑफ का खेल!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अब आधिकारिक तौर पर बाहर हो गई है। रविवार (25 अक्टूबर) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स को मिली 8 विकेट की जीत के बाद चेन्नई के प्लेऑफ खेलने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। रविवार को ही खेले गए पहले मुकाबले में चेन्नई ने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर को मात देकर जताया कि वो बाकी टीमों का खेल बिगाड़ सकती है। बैंगलोर के खिलाफ चेन्नई की टीम ने 8 विकेट की दमदार जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंगलोर ने 145 रन बनाए थे। 18.4 गेंद पर चेन्नई ने महज 2 विकेट खोकर इस लक्ष्य को हासिल किया। रितुराज गायकवाड़ ने अर्धशतकीय पारी खेली जबकि सैम कुर्रन और दीपक चाहर ने मिलकर 5 विकेट चटकाए। टीम के इस प्रदर्श की वजह से अब यह साफ हो गया है वो बाकी के बचे दो मुकाबलों में अपना सबकुछ झोंक देगी। इसमें से एक कोलकाता नाइटराइडर्स और दूसरा किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ है।

## न्यूज डायरी





### घुटने पर बैठ ब्लैक लाइव्स मैटर का हार्दिक पांड्या ने किया समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबूधाबी। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन का समर्थन करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। पंड्या ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान नस्लवाद के खिलाफ आंदोलन का समर्थन किया। मुंबई भले यह मैच आठ विकेट से हार गई हो, लेकिन हार्दिक पांड्या ने ऐसा करके लोगों का दिल जीत लिया।

मुंबई के इस ऑलराउंडर ने सिर्फ 21 गेंदों पर 60 रन बनाए। 19 वें ओवर में अपने अर्धशतक लगाने के बाद, वह इस आंदोलन को लेकर एकजुटता दिखाने के लिए अपने घुटने के बल बैठे और दाहिना हाथ उठाया। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर और मुंबई के कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड ने अपनी दाहिनी मुट्ठी उठाकर इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी । मैच के बाद पांड्या ने ब्लैक लाइव्स मैटर कैप्शन के साथ खुद की एक तस्वीर भी ट्वीट की। पिछले हफ्ते, सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले वेस्टइंडीज के टेस्ट कप्तान जेसन होल्डर ने आइपीएल में इस आंदोलन को लेकर एकजुटता न दिखाने पर निराशा व्यक्त की थी।

### बल्लेबाजों से खुश स्टीव स्मिथ बोले- गेंदबजी और फील्डिंग सुधारने की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबूधाबी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ बल्लेबाजों के प्रदर्शन से खुश राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि फील्डिंग और डेथ ओवर्स के दौरान गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। राजस्थान ने इस मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज की। बेन स्टोक्स ने 60 गेंदों पर 107 रनों की पारी खेली और टीम ने 10 गेंद शेष रहते 196 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। संजू सैमसन ने भी अच्छी बल्लेबाजी की और 54 रन बनाकर नॉट आउट रहे। मैच के बाद स्मिथ ने कहा कि हम अंत के ओवरों में गेंदबाजी से थोड़ा निराश हैं। हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है।हमने एक कैच छोड़ा और यह काफी मंहगा साबित हुआ। बीच के ओवरों में हमारे गेंदबाजों ने अच्छा काम किया। उन्होंने विकेट लिए। फिर हार्दिक पांड्या का कैच छूट गया। इसके बाद ऐसा लग रहा था हर गेंद बाउंड्री के बाहर जा रही है। हमने अंत में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

### हार्ट अटैक के बाद कपिल देव हुए स्वस्थ, अस्पताल से मिली छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को पहला विश्व कप जिताने वाल कप्तान कपिल देव को गुरुवार की रात दिल का दौरा पड़ा था। उसके बाद उनको दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी सफल आपातकालीन कोरोनरी एंजियोप्लास्टी सर्जरी हुई और अब रविवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई। कपिल देव को दक्षिणी दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल की ओर से रविवार को एक बयान जारी हुआ है, जिसमें कहा गया है, श्कपिल देव को आज दोपहर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह अच्छी तरह इससे उबर रहे हैं और जल्द ही अपने रोजाना के कामकाज शुरू कर सकते हैं। वह नियमित रूप से डॉ. अतुल माथुर से सलाह मशवरा लेते रहेंगे।

### धोनी के साथ बल्लेबाजी करने का सपना देख रहा था ये खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के लिए यूएई पहुंचने के बाद कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। कोरोना वायरस को हराने के बाद उनको चेन्नई की टीम में शामिल किया गया। लगातार तीन मौके मिलने के बाद वे फ्लॉप रहे और टीम से ड्रॉप किए गए। यहां तक कि चौथे मैच में भी वे खाता नहीं खोल पाए, लेकिन पांचवें मैच में उन्होंने दमदार पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। आरसीबी यानी आरसीबी के खिलाफ रविवार 25 अक्टूबर को खेले गए मुकाबले में रितुराज गायकवाड़ ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। रितुराज गायकवाड़ ने सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के साथ मिलकर मैच फिनिश किया।